प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी देशभर के तीन हजार ऊर्जावान नेताओं से बातचीत करेंगे। विकसित भारत युवा नेता संवाद का उद्देश्य एक लाख गैर–राजनीतिक युवाओं को राजनीति से जोड़ना और उन्हें विकसित भारत के प्रति अपने विचार व्यक्तक्त करने के लिए राष्ट्री य मंच प्रदान करना है।

मानव तस्करी जागरूकता दिवस

आज राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस है। इस दिन का उददेश्य मानव तस्करी की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ उनके अधिकारों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है। 50 से अधिक स्थापित संगठन हैं जो आज विश्व स्तर पर इस अवैध प्रथा का मुकाबला कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन दिनों हमीरपुर जिले के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने कल जिला के नादौन में अग्निशमन उप–केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में दो अग्निशमन वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके माध्यम से आगजनी जैसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए इसे नियंत्रण करने की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ होगा। उन्होंने लोगों से इन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की ताकि उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो सके।

इस बीच मुख्यमंत्री सेरा में आज जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। मुख्यमंत्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अमेहड़ में राजीव गांधी आदर्श डे बार्डिंग स्कूल की आधारशिला रखेंगे, वहीं गलोड़ के हड़ेटा में आजीविका सृजन परियोजना नवजीवन की आधारशिला रखेंगें और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर संवाददाता हरीश नंदा........

मौसम

प्रदेश में आज से मौसम के करवट लेने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की सम्भावना जताई है। वहीं मैदानी इलाकों में आगामी 24 घंटे तक शीत लहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला व हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से एक जैसी सुर्खी दी है—हिमाचल में प्राकृतिक खेती से जुड़ेंगे एक लाख परिवार—मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में सभी फार्मों में प्राकृतिक खेती करने के दिए निर्देश।

पैपर लीक मामले पर दिव्य हिमाचल व अमर उजाला के एक जैसे शब्द है—ओएमआर शीट से छेड़छाड़ टाईपिंग टैस्ट में गड़बड़ी—पेपर लीक मामले में एक और केस, हमीरपुर चयन आयोग के कर्मियों, अभ्यर्थियों सहित दस नामजद। फिलहाल एसपी बद्दी के पद पर ही बनी रहेगी इल्मा अफरोज—हाईकोर्ट में नियुक्ति से जुड़े मामले में सुनवाई 28 फरवरी के लिए टली—पंजाब केसरी ने इस खबर को अपनी सुर्खी बनाया है। दैनिक जागरण के मुताबिक—पेयजल आपूर्ति घोटाले में हर स्तर पर बढ़ती गई लापरवाही। आपका फैसला और दैनिक सवैरा टाईम्स के अनुसार बिजली बोर्ड में 15 फरवरी तक पूरी की जाएगी ईकेवाईसी। मौसम पर दैनिक भास्कर की खबर है—हिमाचल मे आज से बारिश और बर्फवारी के आसार।

———————————————————————